**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1481**
**दिनांक 09 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न**

**उत्तर प्रदेश में डेयरी किसानों को देरी से भुगतान**

**1481. श्री पुष्पेंद्र सरोजः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा प्रतिदिन और प्रति वर्ष खरीदे गये दूध की मात्रा का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास निजी डेयरियों के तुलनात्मक आंकड़े उपलब्ध हैं;

(ग) सहकारी समितियों, ग्राम डेयरी समितियों तथा निजी खरीदारों द्वारा डेयरी किसानों को भुगतान में लगने वाला औसत समय तथा विलंबित भुगतान के कितने मामले सामने आए;

(घ) क्या उत्तर प्रदेश में कोई डेयरी सहकारी समिति या निजी डेयरी कंपनी उत्पादकों को भुगतान में देरी या भुगतान न करने के लिए जांच के दायरे में है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) सरकार ने समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, मूल्य विवादों को कम करने और संकटग्रस्त डेयरी किसानों की सहायता करने के लिए क्या उपाय किए हैं; और

(च) दूध शीतलन केंद्रों और इलेक्ट्रॉनिक दूध जांच सुविधाओं की जिला-वार स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) प्रादेशिक सहकारी डेयरी परिसंघ (PCDF) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश अपने संबंधित दुग्ध सहकारी संघों के माध्यम से डेयरी किसानों से दूध खरीदता है। उत्तर प्रदेश में कार्यरत दुग्ध सहकारी संघ एक से अधिक जिलों से दूध खरीद रहे हैं, इसलिए जिले-वार दूध खरीद संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं है। हालाँकि, प्रादेशिक सहकारी डेयरी परिसंघ (PCDF), उत्तर प्रदेश द्वारा पिछले 5 वर्षों के दौरान दैनिक औसत और वार्षिक दूध खरीद के संबंध में प्रदान की गई जानकारी इस प्रकार है:

| **विवरण** | **वर्ष** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| प्रतिदिन औसत दूध खरीद (लाख किलोग्राम) | 2.88 | 2.73 | 2.10 | 3.59 | 3.97 |
| प्रति वर्ष दूध खरीद (लाख किलोग्राम) | 1051.20 | 1018.35 | 766.50 | 1310.35 | 1449.05 |

(ख) पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), भारत सरकार द्वारा निजी डेयरियों के दूध खरीद संबंधी आंकड़े उपलब्ध नहीं रखे जाते हैं।

(ग) डेयरी किसानों को भुगतान में लगने वाले औसत समय और तदनुसार विलंबित मामलों की संख्या का संघ-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(घ) पी.सी.डी.एफ. (उत्तर प्रदेश) ने सूचित किया है कि उत्पादकों को भुगतान में देरी या भुगतान न करने के संबंध में कोई जांच लंबित नहीं है।

(ड़) डीएएचडी, भारत साकार राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को संपूरित करने के लिए देश भर में निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

i. राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM)

ii. राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD)

iii. डेयरी कार्यकलापों में संलग्न डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता (SDCFPO)।

iv. पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF)

v. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM)

vi. पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP)

उपरोक्त योजनाएँ बोवाईनों की दुग्ध उत्पादकता में सुधार करने, डेयरी सहकारी समितियों के नेटवर्क का विस्तार करने, डेयरी अवसंरचना को सुदृढ़ करने, कार्यशील पूंजी की आवश्यकता, आहार और चारे की उपलब्धता बढ़ाने और पशु स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के राज्य सरकार के प्रयासों को अनुपूरित और संपूरित कर रही हैं। ये पहलें दुग्ध उत्पादन की लागत को कम करने और डेयरी फार्मिंग से दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने में भी मदद करती हैं।

इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार डेयरी किसानों को समय पर भुगतान के लिए जिला योजना की "दुग्ध संघों का पुनरुद्धार और पुर्नजीवन" योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 106.75 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दे रही है।

(च) पीसीडीएफ (उत्तर प्रदेश) के दुग्ध शीतलन केंद्रों और इलेक्ट्रॉनिक दुग्ध परीक्षण सुविधाओं का जिला वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

********

**अनुबंध-I**

डेयरी किसानों को भुगतान में लगने वाले औसत समय और तदनुसार विलंबित मामलों की संख्या का संघ-वार विवरण

| **क्र. सं.** | **दुग्ध संघ का नाम** | **दूध चक्र के बाद भुगतान हेतु लिए गए दिन** | **कितने किसानों ने दूध भुगतान में देरी के बारे में शिकायत की है?** |
|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसी | 5 | शून्य |
| 2 | मिर्जापुर | 10 | शून्य |
| 3 | प्रयागराज | 10 | शून्य |
| 4 | चित्रकूट | 7 | शून्य |
| 5 | गोरखपुर | 7 | शून्य |
| 6 | बस्ती | 2 | शून्य |
| 7 | आजमगढ़ | 10 | शून्य |
| 8 | अयोध्या | 4 | शून्य |
| 9 | गोंडा | 3 | शून्य |
| 10 | कानपुर | 5 | शून्य |
| 11 | झांसी | 2 | शून्य |
| 12 | लखनऊ | 10 | 5 |
| 13 | बरेली | 10 | 2 |
| 14 | अलीगढ़ | 5 | शून्य |
| 15 | मुरादाबाद | 8 | शून्य |
| 16 | मेरठ | 10 | शून्य |
| 17 | मुजफ्फरनगर | 7 | शून्य |
| 18 | फिरोजाबाद | 2 | शून्य |
| 19 | मथुरा | 4 | शून्य |

**अनुबंध-II**

पीसीडीएफ (उत्तर प्रदेश) के दुग्ध शीतलन केंद्रों और इलेक्ट्रॉनिक दुग्ध परीक्षण सुविधाओं का जिला वार विवरण

| क्र. सं. | जिला | शीतलन संयंत्र की क्षमता (TLPD) | शीतलन केंद्र की स्थिति | | इलेक्ट्रॉनिक दूध परीक्षण (EMT) सुविधा |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | संचालित | गैर संचालित | |
| 1 | मेरठ | 0.00 | | | मेरठ |
| 2 | गाजियाबाद | 0.30 | | 1 | |
| 3 | पराग डेयरी नोएडा (धनकोर) | 0.20 | 1 | | पराग डेयरी नोएडा |
| 4 | बुलन्दशहर | 0.30 | | 1 | |
| 5 | सहारनपुर | 0.30 | | 1 | |
| 6 | मुजफ्फरनगर | 0.60 | 1 | | मुजफ्फरनगर |
| 7 | मुरादाबाद | 0.00 | | | मुरादाबाद |
| 8 | बिजनौर | 0.30 | 1 | | बिजनौर |
| 9 | अमरोहा | 0.30 | | 1 | |
| 10 | आगरा | 0.30 | | 1 | |
| 11 | फिरोजाबाद | 0.20 | | 1 | |
| 12 | मैनपुरी | 0.20 | | 1 | |
| 13 | मथुरा | 0.30 | 1 | | मथुरा |
| 14 | अलीगढ | 0.10 | | 1 | |
| 15 | एटा | 0.10 | | 1 | एटा |
| 16 | बरेली | 0.00 | | | बरेली |
| 17 | शाहजहांपुर | 0.30 | | 1 | |
| 18 | पीलीभीत | 0.10 | | 1 | |
| 19 | शाहजहांपुर | 0.20 | 1 | | शाहजहांपुर |
| 20 | प्रयागराज | 0.00 | | | प्रयागराज |
| 21 | फ़तेहपुर | 0.30 | | 1 | |
| 22 | प्रतापगढ़ | 0.10 | | 1 | |
| 23 | वाराणसी | 0.00 | | | वाराणसी |
| 24 | जौनपुर | 0.20 | 1 | | जौनपुर |
| 25 | गाजीपुर | 0.20 | 1 | | गाजीपुर |
| 26 | मिर्जापुर | 0.10 | | 1 | मिर्जापुर |
| 27 | महाराजगंज | 0.02 | | 1 | |
| 28 | देवरिया | 0.10 | | 1 | |
| 29 | आजमगढ़ | 0.00 | | | आजमगढ़ |
| 30 | मऊ | 0.03 | | 1 | |
| 31 | बलिया | 0.20 | | 1 | बलिया |
| 32 | बस्ती | 0.10 | 1 | | बस्ती |
| 33 | सिद्धार्थनगर | 0.02 | | 1 | |
| 34 | बहराईच | 0.10 | | 1 | बहराईच |
| 35 | श्रावस्ती | 0.05 | | 1 | श्रावस्ती |
| 36 | गोंडा | 0.20 | 1 | | गोंडा |
| 37 | बलरामपुर | 0.10 | | 1 | |

| क्र. सं. | जिला | शीतलन संयंत्र की क्षमता (TLPD) | शीतलन केंद्र की स्थिति | | इलेक्ट्रॉनिक दूध परीक्षण (EMT) सुविधा |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | संचालित | गैर संचालित | |
| 38 | कानपुर | 0.00 | | | कानपुर |
| 39 | कन्नौज | 0.30 | | | |
| 40 | गोरखपुर | 0.00 | | | गोरखपुर |
| 41 | फरुखाबाद | 0.20 | | 1 | |
| 42 | इटावा | 0.20 | | 1 | |
| 43 | लखनऊ | 0.00 | | | लखनऊ |
| 44 | लखीमपुर | 0.20 | 1 | | लखीमपुर |
| 45 | सीतापुर | 0.30 | 1 | | सीतापुर |
| 46 | हरदोई | 0.30 | | 1 | |
| 47 | उन्नाव | 0.20 | | 1 | |
| 48 | रायबरेली | 0.20 | | 1 | |
| 49 | अयोध्या | 0.00 | | | अयोध्या |
| 50 | बाराबंकी | 0.50 | | 1 | बाराबंकी |
| 51 | अम्बेडकर नगर | 0.20 | 1 | | अम्बेडकर नगर |
| 52 | सुल्तानपुर | 0.20 | 1 | | सुल्तानपुर |
| 53 | झांसी | 0.00 | | | झांसी |
| 54 | जालौन | 0.20 | | 1 | |
| 55 | ललितपुर | 0.05 | 1 | | ललितपुर |
| 56 | चित्रकूट (कर्वी) | 0.10 | | 1 | चित्रकूट (कर्वी) |
| 57 | हमीरपुर | 0.20 | | 1 | |
| 58 | बांदा | 0.20 | | 1 | |

**टीएलपीडी (TLPD)- हजार लीटर प्रति दिन**